प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

08.01.2025 / प्रादेशिक समाचार / 09.20 बजे

गडकरी

केंद्रीय सडक परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने पूरे देश में चालक प्रशिक्षण संस्थान स्थापित किये जाने के लिए एक योजना घोषित की है। इसके तहत संस्थान की स्थापना के लिए प्रोत्साहन राशि उपलब्ध करायी जायेगी। स्वचालित परीक्षण केंद्र और चालक प्रशिक्षण संस्थान की एकीकृत अवसंरचना के लिए अतिरिक्त प्रोत्साहन राशि भी दी जायेगी। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि देश में कुशल चालकों की कमी है व सरकार और अधिक चालक प्रशिक्षण केंद्र स्थापित करने के लिये वचनबद्ध है। उन्होंने कहा कि सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के परिवहन मंत्रियों के साथ हुई बैठक में सडक सुरक्षा पर प्राथमिक रूप से विचार विमर्श हुआ।

मंत्रिमंडल

प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक कल शिमला में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में होगी। बैठक में आय साधन बढ़ाने के लिए राज्य सरकार स्टांप डयूटी बढ़ाने पर भी कोई फैसला ले सकती है। इसके अलावा मंत्रिमंडल राज्य में स्पेशल टॉस्क फोर्स के गठन के नाम पर भी चर्चा कर सकता है। कैबिनेट में नए पदों के सृजन व भर्तियों पर भी अहम फैसले लिए जाने की उम्मीद है।

स्वास्थ्य मंत्री

स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल ने कहा है कि हयूमन मेटान्यूमो वायरस एक सामान्य वायरस है और इससे घबराने की आवश्यकता नहीं है। ब्योरा इस रिर्पोट में................

शिमला में एचएमपीवी वायरस के संबंध में स्वास्थ्य अधिकारियों के साथ एक बैठक की अध्यक्षता करते हुए स्वास्थ्य मंत्री धनीराम शांडिल ने कहा कि केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय सहित प्रदेश का स्वास्थ्य विभाग एचएमपीवी पर लगातार नज़र बनाए हुए हैं। उन्होंने प्रदेश वासियों से सावधानी बरतने का अनुरोध करते हुए कहा कि यदि किसी को खांसी या बुखार जैसे लक्षण नज़र आए तो वे नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में जाकर अपने स्वास्थ्य की अवश्य जांच करवाएं। इस बीच आई.जी.एम.सी शिमला के मैडिसन विभाग के सहायक प्रौफेसर उशेंद्र ने बताया कि ह्यूमन मेटान्यूमो वायरस एक सामान्य वायरस है जो ज्यादातर बच्चों, वयस्कों और कमजोर प्रतिरक्षक क्षमता वाले लोगों में फैलता है।

इसरो–अध्यक्ष

केंद्र ने वी. नारायणन को भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन–इसरो का नया अध्यक्ष और अंतरिक्ष विभाग का सचिव नियुक्त किया है। वे 14 जनवरी को कार्यभार ग्रहण करेंगे। वे इसरो के मौजूदा अध्यक्ष एस. सोमनाथ का स्थान लेंगे। **08.01.**

पैराग्लाइडिंग

कुल्लू ज़िला के रायसन साईट में कल पैराग्लाडिंग के दौरान एक पैराग्लाइडर के क्रैश हाने से एक पर्यटक की मौत हो गई। हमारे जिला सवांददाता के अनुसार गंभीर रूप से घायल इस पर्यटक को स्वास्थ्य लाभ के लिए एक निजी अस्पताल से मेडिकल कालेज नेरचौक रेफर किया गया जहॉं उसकी मृत्यू हो गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

भूकंप

मंडी जिले में कल सांय भूकंप के हल्के झटके महसूस किए गए। रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 3 दशमलव 4 आंकी गई। भूकंप के इन झटकों में किसी तरह के जान–माल के नुकसान का कोई समाचार नहीं है।

मौसम

राजधानी शिमाला सहित प्रदेश के अधिकतर भागों में आज दिन की शुरूआत धूप के साथ हुई है। बीते दिनो प्रदेश की ऊंची चोटियों पर हुए हिमपात से न्यूनतम तापमान में गिरावट के चलते लोगों को सुबह–शाम कडाके की ठंड से जूझना पड़ रहा है। हालांकि मौसम विभाग ने 10 जनवरी तक मौसम के साफ बने रहने की संभावना जताई है। इस दौरान विभाग ने मैदानी इलाकों में अलग–अलग स्थानों पर कोहरा छाए रहने का येलो अलर्ट भी जारी किया है।

एक नजर अखबारों की सुर्खियों पर.....

आज अधिकतर समाचार पत्रों ने पुलिस विभाग की समीक्षा बैठक के दौरान मुख्यमंत्री के बयान को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

अमर उजाला, दैनिक जागरण, दिव्य हिमाचल, हिमाचल दस्तक व दैनिक सवेरा टाइम्स की लगभग एक जैसी सुर्खी है–**प्रदेश में अब पुलिस चौकियों में भी दर्ज हो सकेगी प्राथमिकी–बोर्डों और निगमों में तैनात होंगे होमगार्ड।** पंजाब केसरी व आपका फैसला के लगभग एक जैसे शब्द है–**पुलिस चौकियों को एफआईआर दर्ज करने के लिए अधिकृत करेगी सरकार।**

अदालती आदेशों की अनुपालना न करने पर कार्यवाई शीर्षक से दैनिक भास्कर ने खबर को प्रमुखता दी है–**हाईकोर्ट ने शहरी विकास विभाग के निदेशक के वेतन को रोका।**